जोगपाल पब्लिक स्कूल में गरबा प्रतियोगिता, कावेरी टीम बनी विजेता

4




## खबर संक्षेप

### रजिस्ट्रेशन प्लेट शिविर 24 अक्टूबर तक

**जशपुरनगर।** सर्वाच्च न्यायालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के मोटर वाहनों पर एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगवाया जाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में जशपुर जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु शिविर 25 सितम्बर से 24 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न स्थलों पर किया गया है। इनमें 25 से 27 सितम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन कुनकुरी, 29, 30 सितम्बर एवं 01 अक्टूबर 2025 तक जनपद पंचायत भवन मनोरा, 03,04 एवं 06 अक्टूबर 2025 तक जनपद पंचायत भवन कांसाबेल, 07 से 09 अक्टूबर तक नगर पंचायत कोतबा, 10, 11 एवं 13 अक्टूबर तक जनपद पंचायत पत्थलगांव, 14 से 16 अक्टूबर तक जनपद पंचायत भवन फरसाबहार, 17 से 18 अक्टूबर तक जनपद पंचायत सन्ना तथा 22 से 24 अक्टूबर तक जनपद पंचायत भवन बगीचा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### पर्यटन स्थल के क्वारी में डूबने से तेलईकछार निवासी युवक की मौत

**बिश्रामपुर।** ग्राम तेलईकछार केनापारा के क्वारी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है,जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम तेलईकछार केनापारा निवासी 18 वर्षीय श्रवण कुमार चेरवा पिता स्व सुखलाल चेरवा बचपन से ही अपनी बुआ श्रीमती माया देवी के निवास केनापारा में रहता था,जो बुधवार की सुबह घर से निकला था,उसका शव गांव में ही पर्यटन स्थल के समीप एसईसीएल की क्वारी में गुरुवार की शाम को मिला है,ग्रामीणों ने बताया कि युवक को तैरने नहीं आता था,जिससे संभावना जताई जा रही है कि युवक शौच के जाने के दौरान फिसल जाने से उक्त हादसा हूआ है,मामले की सूचना मिलने पर जयनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## जशपुर में भू माफिया की साजिश का पर्दाफाश

# मृतक को जीवित बताकर बनवा ली पॉवर ऑफ अटॉर्नी

### पुलिस ने दो को भेजा जेल, दो अब भी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जमीन के खेल में भू माफियाओं की हिम्मत कितनी बढ़ चुकी है, इसका ताजा उदाहरण जशपुर में सामने आया है। यहां एक गिरोह ने 2014 में मर चुके एक व्यक्ति को "जीवित" दिखाया। फर्जी आधार कार्ड बनवाया और उसी के नाम से पॉवर ऑफ अटर्नी तैयार करा ली। साजिश इतनी गहरी थी कि अगर समय रहते मृतक के बेटे ने विरोध न किया होता तो करोड़ों की जमीन हाथ से निकल जाती। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं।

ग्राम गम्हरिया निवासी महेश राम ने एसपी दफ्तर और कुनकुरी न्यायालय में शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनके पिता सोमरा राम का निधन वर्ष 2014 में हो चुका है। पिता के नाम पर ग्राम गम्हरिया में कृषि भूमि दर्ज है। इसी भूमि पर भू माफियाओं की नजर थी। उन्होंने मृतक सोमरा राम के नाम पर जाली दस्तावेज तैयार कर लिए और वर्ष 2023 में उप पंजीयक कार्यालय कुनकुरी में जाकर पॉवर ऑफ अटर्नी बनवा ली।



#### दो आरोपी अभी फरार

इस पूरे खेल में शामिल आनंद खलखो और रामलाल नामक आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस लगातार दबिश दे रही है और दावा है कि उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### पुलिस ने दबोचे दो आरोपी

शिकायत और कोर्ट के आदेश पर कुनकुरी थाने में एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस ने तेजी दिखाते हुए कार्रवाई की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जितेंद्र कुमार शर्मा उम्र 34 वर्ष, निवासी दरबारी टोली, जशपुर, अघनु राम उम्र 58 वर्ष, निवासी टंगरा टोली, जशपुर दोनों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किया और बताया कि उन्हें रुपए का लालच दिया गया था। पुलिस ने उनके पास से फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज भी जब्त कर लिए हैं।

#### इनका रही विशेष भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव, उप निरीक्षक राकेश सिंह, एएसआई ईश्वर प्रसाद वारले, प्रधान आरक्षक दलेश्वर यादव, आरक्षक चन्द्रशेखर बंजारे और प्रवीण टोप्पो की अहम भूमिका रही। पुलिस टीम की चौकसी से न केवल एक परिवार की जमीन बची बल्कि भू माफियाओं की बड़ी साजिश भी नाकाम हो गई।

#### फर्जी आधार कार्ड बना हथियार

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि षड्यंत्रकारियों ने मृतक सोमरा राम का नाम लिखकर नया आधार कार्ड बनवाया। लेकिन फोटो उसमें आरोपी अघनु राम का लगाया गया। इसके बाद आरोपी अघनु राम, सोमरा राम बनकर रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचा। उसने दस्तावेजों पर नकली हस्ताक्षर किए और आरोपी आनंद खलखो के नाम जमीन की खरीदी-बिक्री के लिए पॉवर ऑफ अटर्नी जारी कर दी।

#### एसएसपी ने दी सख्त चेतावनी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा की"मृत व्यक्ति को जिंदा बताकर फर्जी तरीके से जमीन हथियाने का प्रयास बेहद गंभीर अपराध है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बाकी फरार आरोपी भी कानून के शिकंजे से नहीं बच पाएंगे।

## दो सड़कों के निर्माण के लिए 11 करोड़ 44 लाख की मंजूरी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ग्रामीण अंचलों के विकास की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले के दुलदुला क्षेत्र के लिए दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को मंजूरी दी गई है।पहला मार्ग छेरडांड से टुकुटोली पहुंच मार्ग है, जिसकी लागत 5 करोड़ 48 लाख रुपए स्वीकृत हुई है। यह सड़क बनने से ग्रामीण अंचल के लोगों को आने-जाने में




बड़ी सुविधा होगी और क्षेत्र के कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। वहीं दूसरा मार्ग टुटिअम्बा से कादोपानी, झारखंड पहुंच मार्ग तक का निर्माण है, जिसके लिए 5 करोड़ 96 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। यह सड़क न केवल छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करेगी बल्कि सीधे झारखंड राज्य को भी जोड़ेगी, जिससे दोनों राज्यों के बीच आवागमन, व्यापार और सामाजिक संपर्क और सुदृढ़ होगा।ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस सौगात के लिए आभार जताया और कहा कि सड़कों का जाल बिछने से क्षेत्र का समग्र विकास होगा।







# जोगपाल पब्लिक स्कूल में गरबा प्रतियोगिता, कावेरी टीम बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



जोगपाल पब्लिक स्कूल के गरबा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में स्कूली छात्रों ने अपनी प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी। सुबह 10 बजके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जोगपाल स्कूल से कुल चार टीम सतलज, कावेरी, महानदी एवं नर्मदा बनाई गई, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति पेश की जिसमें काबेरी की टीम को ज्यादा अंक मिला और वो विजेता बनी। इस गरबा कम्पीटीशन में चार जज गायत्री शर्मा, जशबीर कौर, प्रिंसिपल विनय रॉय, एवं जितेन्द्र गुप्ता रहे। जिन्होंने टीम के छात्रों के सभी प्रस्तुति को ध्यान में रखकर अंक दिया जिसमें काबेरी टीम विजेता बनी और 3 अंक कम पाकर सतलज की टीम दूसरे स्थान में रही। काबेरी टीम के छात्रों ने टीचर स्टाफ के साथ वीनिंग साइन बनाकर खूब खुशी का इजहार किया। स्कूल के प्रिंसिपल विनय रॉय ने छात्रों से कहा कि किसी भी स्पर्धा में जीत और हार उसका अहम हिस्सा है। अपना 100 परसेंट देना चाहिए जीत और हार लगा रहता है कई बार हार कर भी सीखा जाता है और जो हारता है वही बाद में अपनी गलतियों में सुधारकर आगे जीत हाशिल करता है। आप सभी ने बेहतरीन कार्यक्रम पेश किया है। जज जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आप सभी ने अच्छी प्रस्तुति दिया है जिसके कारण आप विजेता बने हैं। स्कूल की पढ़ाई के बीच मे इतना समय निकाल कर गरबा कार्यक्रम करना बड़ी बात है क्योंकि इसे सीखने के लिए समय लगता है। इन कार्यक्रमों से आप सभी को ऊर्जा मिलती है जो आगे आप लोगो को फायदा होगा। स्कूल के एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया ने कहा कि नवरात्र पर्व पर गरबा कार्यक्रम इसका अहम हिस्सा है इससे स्कूली छात्राओं में पढाई से अलग कुछ नया करबे का मौका मिलता है, यही कारण है कि जोगपाल स्कूल समय समय पर त्योहारों के हिसाब से कार्यक्रम करता है।

## 800 से अधिक प्रतिभागियों की धूम, 30 प्रतिभागियों को मिला सम्मान

**जशपुरनगर।** तेज़ बारिश के बीच भी एकेएस गरबा महोत्सव में खुशियों की बरसात देखने को मिली। गरबे की मधुर धुन और ढोल की थाप पर सैकड़ों श्रद्धालु थिरकते रहे और पूरा माहौल भक्ति व उल्लास से सराबोर हो गया।इस वर्ष महोत्सव में प्रतिभागियों की संख्या 800 के पार पहुंच गई, जिससे आयोजन और भी भव्य हो उठा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने अपनी लयबद्ध प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया।

**300 प्रतिभागी हुए पुरस्कृत-** महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**बारिश की बूंदों में झूमे प्रतिभागी-** बारिश की बूंदों के बीच गरबा की ताल पर झूमते लोगों का जोश देखते ही बन रहा था। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे "स्मरणीय और अविस्मरणीय उत्सव बनाने का संकल्प लिया।





## खबर संक्षेप



### चिकित्सकीय परामर्श पर ही करें नार्कोटिक्स दवाइयों का विक्रय

**जशपुरनगर।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी जशपुर के द्वारा शनिवार को एसडीएम कार्यालय सभाकक्ष में जशपुर अनुभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त दवा व्यवसायियों का बैठक ली। इस बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एसडीएम विश्वास राव मस्के ने औषधि विभाग के अधिकारियों को मेडिकल दुकानों का नियमित निरीक्षण करने को कहा साथ ही दवा व्यवसाईयों को नियमानुसार दुकान संचालन हेतु अपना शपथ पत्र भरकर औषधि निरीक्षक के पास जमा करने का निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सभी दवा व्यवसायियों को एसडीएम ने एनकॉर्ड समिति के निर्देशानुसार आवश्यक दिशा निर्देशों के संबंध में जानकारी दी। एसडीएम ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को औषधि दुकानों निरीक्षण कर सभी में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने नार्कोटिक्स दवाइयों को चिकित्सकीय सलाह पर ही लोगों को विक्रय करने एवं हर विक्रय का नियमित रिकार्ड रखने हेतु कहा। नव युवक-युवतियों में बढ़ रहे नशे की लत की रोकथाम हेतु सभी व्यवसायियों को प्रतिबंधित नशीली दवाईयों के विक्रय न करने की समझाईश दी गई। इस बैठक में जशपुर एवं मनोरा के सभी मेडीकल संचालक उपस्थित रहे।

### अरमान टोप्पो ने 100 मीटर दौड़ में मारी बाजी



**जशपुरनगर।** अंडर-14 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में संत पॉल इंग्लिश मीडियम स्कूल बघिमा के अरमान टोप्पो ने सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 24 सितंबर तक जगदलपुर में किया गया था। इस जीत के साथ ही अरमान का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतिस्पर्धा के लिए हुआ है। अरमान के बघिमा लौटने पर स्कूल प्रबंधन ने उनका जोरदार स्वागत किया। 27 सितंबर को स्कूल परिसर में प्रबंधक फादर विपिन कुमार तिग्गा, प्राचार्य, शिक्षक व विद्यार्थियों की उपस्थिति में उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर फादर विपिन ने कहा, "हमारे बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें सही अवसर और कठोर परिश्रम के लिए प्रेरित करने की। अरमान की सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।"अरमान टोप्पो ने भी अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्य, शिक्षकों और खासकर पीटीआई मुकुल टोप्पो को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रोत्साहन और अवसर मिलने से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। अरमान की उपलब्धि से न सिर्फ संत पॉल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

## एनईएस में सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम

# सेवा ही जीवन का सर्वोच्च धर्मः डॉ अमरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जनहित के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, स्वच्छता मैराथन, रक्तदान शिविर जैसे अनेक जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 27 सितम्बर को महाविद्यालय में प्रबुद्ध जनों का उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**महाविद्यालय के स्वयं सेवकों ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया**

कार्यक्रम के पश्चात रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रिंसी कुजूर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया और परिसर की साफ-सफाई किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.सरिता निकुंज, प्रो.अंजिता कुजूर, प्रो.लाइजिन मिंज, तथा रासेयो स्वयंसेवक अशोक राम, केशव कुमार, कर्मा संन्यासी, गौतम यादव, नेहा यादव, चांदनी, नेहा एक्का सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**सेवा जीवन का सर्वोच्च धर्म**

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेंद्र ने अपने प्रेरक उद्बोधन में सेवा पखवाड़ा के उद्देश्य पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि "सेवा ही जीवन का सर्वोच्च धर्म है।"उन्होंने महात्मा गांधी और मदर टेरेसा के सेवाभाव से प्रेरणा लेने का आह्वान किया तथा जशपुर के गौरव पद्मश्री जागेश्वर यादव द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय सेवा कार्यों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अमरेंद्र ने आगे कहा कि विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा भाव का संचार करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ₹स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए।₹ उनके प्रेरक शब्दों से प्रेरित होकर कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### खेतों में घुसे हाथी, 29 किसानों की फसलों को रौंदा

**रायगढ़।** जिले में एक बार फिर से हाथियों ने किसानों की फसलों को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। गुरुवार को रात के अंधेरे में हाथी खेतों में घुसे और सुबह तक 29 किसानों की फसल को चौपट कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर विभाग नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। दरअसल धरमजयगढ़ वन मंडल में 127 हाथी अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहे हैं। गुरुवार की रात हाथियों का दल खेतों में पहुंच गया और 18 किसानों की फसल को रौंद दिया। यहां सबसे अधिक छाल रेंज के बंगरसुता और पोढ़ी में 10 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा बाकारूमा रेंज के जमाबीरा में 4, रैरुमा तेजपुर में 2 और बोरो रेंज के बताती में 2 किसानों की फसल बर्बाद हो गई। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल की बात करें तो 11 किसानों की फसल को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है। जिसमें जुनवानी गांव के कन्हैया लाल मैत्री, हरिहर मैत्री, लोचन प्रसाद मैत्री, सुकवारो उरांव, सुधनी बड़ा, नंदू मिंज, सुशील मालाकार, अश्वनी मालाकार, उमेश मालाकार, नेहरू यादव और करुणासागर मालाकार की फसल शामिल है।

## हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाने हेतु ग्राहकों को करें



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी जशपुर में एसडीएम विश्वास राव मस्के की अध्यक्षता में शनिवार को सभी वाहन शोरूम संचालकों आयोजित की गई। इस बैठक में एसडीएम ने कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार समस्त नए दोपहिया वाहन केवल लर्निंग लायसेंस या वैध ड्रायविंग लायसेंस धारक को ही विक्रय करने एवं प्रत्येक नए वाहन के साथ कम से कम एक आईएसआई मार्क वाले हेलमेट अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा।

■ एसडीएम ने समस्त वाहन विक्रय करने वाले शोरूम संचालकों की ली बैठक

उन्होंने दुपहिया वाहन शोरूम संचालकों को शोरूम में दुपहिया एवं चारपहिया वाहन खरीदने आने वालों के दस्तावेजों के साथ लायसेंस अवश्य चेक करने को कहा एवं जिनके पास लाइसेंस नहीं हैं उन्हें आग्रह कर कम से कम लर्निंग लाइसेंस होने पर ही वाहन विक्रय करने को कहा। एसडीएम ने शोरूम में कार्यरत सभी कर्मचारियों को भी सीटबेल्ट एवं हेलमेट लगाने को कहा गया। सड़क दुर्घटना में वृद्धि को रोकने हेतु सभी शोरूम संचालकों ने निर्देशों का स्वागत करते हुए आम जनता को जागरूक करने हेतु प्रमुख जगहों पर जहां लोगों का आवागमन होता है उन्हें चिन्हांकित कर हेलमेट तथा सीटबेल्ट की अनिवार्यता के संबंध में कैम्प लगाने एवं बैनर पोस्टर के माध्यम से जागरूक करने की पहल की। इस बैठक में एसडीओपी चंद्रशेखर परमा, यातायात प्रभारी सुनेश्वर सिंह पैंकरा, परिवहन लिपिक जशपुर, थाना प्रभारी आशीष तिवारी एवं सभी दोपहिया एवं चारपहिया शोरूम संचालक उपस्थित हुए।

## आठ पंचायतों में दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी

**कांसाबेल।** फरसाबहार विकासखंड के आठ पंचायतों में निगरानी समिति, युवा समिति, साला त्यागी किशोरी समिति एवं महिला लीडर समूह का पुलिस थाना एवं साशकीय विभागों के साथ आपसी संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया !इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समितियों को शासकीय विभागों से जोड़ना तथा योजनाओं और कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना रहा।



बैठक में समितियों को पुलिस थाना, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। इसके साथ ही पोक्सो एक्ट 2012 (बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम), मानव तस्करी रोकथाम अधिनियम एवं बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने समझाया कि इन कानूनों का उद्देश्य बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को शोषण, अपराध और सामाजिक कुप्रथाओं से सुरक्षा प्रदान करना है। इस पहल से समितियों को न केवल शासकीय योजनाओं की जानकारी मिली बल्कि मानव तस्करी, बाल विवाह और यौन अपराधों की रोकथाम के कानूनी उपायों की भी समझ विकसित हुई। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण समुदाय में जागरूकता बढ़ाने एवं महिला तथा किशोरियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश

## पहाड़ी कोरवा ग्राम राजपुर हर घर जल श्रेणी में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 70 किमी दूरी पर स्थित भितघरा पंचायत का छोटा सा गांव राजपुर, जिसकी आबादी 247 जिनमें मुख्यतः पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजाति का निवास है। इस गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 2 उच्च स्तरीय एकल ग्राम योजना के द्वारा सभी 69 ग्रामीण परिवारों को उनके घरों तक क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेय जल आपूर्ति की जा रही है।

विदित हो कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शासन की सभी योजनाओं को लाभ शत प्रतिशत देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दूरस्थ अंचल में निवासरत



विशेष पिछड़ी जनजाति के 69 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से मिल रहा है शुद्ध पेयजल

जनजाति समुदाय के लोगों को किसी भी प्रकार से शासन की योजनाओं से वंचित न होना पड़े इसके लिए शासन और प्रशासन स्तर पर हर संभव पहल करने के लिए कहा है। इसी कड़ी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जशपुर के उपखण्ड बगीचा के सहायक अभियंता अभिषेक गुप्ता एवं उप अभियंता विकास एक्का द्वारा ग्राम राजपुर पर विशेष ध्यान देकर योजना को शीघ्र पूर्ण कराया गया एवं कार्य पूर्ण होने पर इस ग्राम का हर घर जल कार्यक्रम भी कर लिया गया है। हितग्राही करूणा दास और वहां के ग्रामवासी का कहना है कि जल जीवन मिशन के आने से पूर्व वे कुंआ से पानी भरते थे जो कि बस्ती से लगभग 500 मीटर दूर नीचे ढलान पर है। जहां से पानी लाना बहुत ही कठीन था। अब घर में नल लगने से पानी भरने कहीं नहीं जाना पड़ता। घर पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध होने से सभी ग्रामीणों ने खुशी जाहिर केरते हुए मुख्यमंत्री श्री साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिए हैं।

* **कोसीर।** जिला पंचायत सदस्य व सभापति संतोषी अरविंद खटकर इस समय काफी सक्रिय पूर्वक क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। क्षेत्र के विकास को लेकर आए दिन भाजपा के दिग्गज नेताओं से मिलकर चर्चा कर रही हैं और ज्ञापन देकर विकास की मांग कर रही हैं।




## खराब मौसम भी नहीं रोक पा रहा दर्शनार्थियों को

**जशपुरनगर।** श्री बालाजी जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव 2025 की की तैयारी में समिति के सदस्यों के साथ साथ गरबा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी जशपुर का खराब मौसम जिसमे।लगातार बारिश हो रही है, उनके उत्साह को नहीं।रोक प रही है। लगातार बारिश होने के बावजूद न तो कार्यकर्ताओं का उत्साह कम हो रहा है न ही गरबा प्रेमियों को रोक प रही है।

गरबा महोत्सव का आयोजन 28 सितंबर 2025 से 1 अक्टूबर 2025 तक सायं 6 से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। उत्सव का आयोजन टेलीफोन एक्सचेंज ऑफिस के सामने, जशपुर में होगा। गरबा महोत्सव में जशपुर गरबा, डांडिया नृत्य, धूवन नृत्य, झांकी और भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। हास्य कवि सम्मेलन, संगीतमय प्रस्तुति का भी आयोजन 3 अक्टूबर 2025 को सायं 6:00 बजे से हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें दिनेश बावरा (मुंबई), ऐहसान कुरैशी (मुंबई), पद्मिनी शर्मा (दिल्ली) और रोहित शर्मा (मुंबई) अपनी कविताओं से लोगों को हंसा हंसा कर लोटपोट करेंगे ख़गेसा कलेक्टिव लाइव द्वारा संगीतमय प्रस्तुति का भियोजन किया जाना है। जशपुर गरबा उत्सव समिति ने सभी नागरिकों को गरबा महोत्सव में सादर आमंत्रित किया जाता है। इस अवसर पर आप माता का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं और आनंदोत्सव एवं भक्ति उत्सव के संगम का आनंद ले सकते हैं।














